कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा –प्रथम)
आडिट भवन, मध्यप्रदेश, ग्वालियर

क्रमांक सा.अ.1/पुस्तकालय/पत्रिका / जावक / 11 दिनांक: 24-6-2022

हिन्दी पत्रिका के प्रकाशन हेतु निवीदा

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित की जाने वाली हिन्दी पत्रिका **'गोपाद्री '** एवं **'प्रयास '** के वर्ष 2021-22 के अंक के प्रकाशन के लिये ऑफसेट मुद्रण कराने हेतु प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा –प्रथम) आडिट भवन, मध्यप्रदेश, ग्वालियर के नाम मोहर बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। इस संबंध में पत्रिका के मुद्रण की शर्ते निम्न प्रकार हैं-

1 कार्यालयीन पत्रिका गोपाद्री तथा प्रयास को डिजिटल /ई–पत्रिका के रुप में प्रकाशित कराया जाना है **Online html link, जिसमे Flip Book मेकर में पुस्तक दिखे Vendor द्वारा तैयार किया जावेगा, साथ ही दोनों पत्रिकाओ की कमशः 50–30 भौतिक प्रतियो का प्रकाशन भी किया जाना है ।**

2. **कार्यालयीन पात्रिका गोपाद्री का वर्ष में 02 संस्करण का मुद्रण किया जाना है । पत्रिका की रचना सामग्री का टंकण एवं सम्पूर्ण रूपांकन (डिजायनिंग) मुद्रक द्वारा की जावेगी ।**

3. पत्रिका **'गोपाद्री '** का अंक न्यूनतम 100 पृष्ठ का होगा जबकि पत्रिका **'प्रयास'** का अंक 60 पृष्ठ का होगा। रचनाओ की प्राप्ति के अनुसार पत्रिकाओं के पृष्ठों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है । समाचार-आवरण पृष्ठ कवर अलग होंगे।

4. पत्रिकाओं में मुद्रित पृष्ठों की संख्या में कमी/अधिक्य की स्थिति में अतिरिक्त पृष्ठों के मुद्रण दर पृथक से दर्शायी जावे ।

5. संपूर्ण पत्रिका (दोनों) रंगीन पृष्ठों में मुद्रित की जायेगी ।

6. पत्रिका का आकार 28 X 21 सेंटीमीटर का होगा।

7. प्रत्येक भौतिक पत्रिका के कागज की गुणवत्ता द्वारा निम्नानुसार निर्धारित की गई है :–

(अ) 250 जी.एस.एम.आर्ट, पेपर, आर्ट कार्ड सीट, आवरण पृष्ठों के लिये

(ब) 130 जी.एस.एम.आर्ट पेपर, शेष सभी पृष्ठों के लिये

8. रचना सामग्री के कम से कम तीन प्रूफ अवश्य दिये जायें तथा मास्टर कॉपी को मुद्रण से पूर्व इस कार्यालय के हिन्दी कार्यान्वयन कक्ष से अनुमोदित करायी जाये।

F/sk/library/shreyas printing

Scanned with OKEN Scanner

9. रचना सामग्री प्राप्ति के 20 दिवस के अन्दर Vendor को मुद्रित पत्रिकाओं गोपाद्री तथा प्रयास की क्रमशः 50-30 प्रतिया इस कार्यालय को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करना होगा ।

10. निविदाओं को स्वीकृत/ अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार इस कार्यालय को होगा। निविदायें कोई भी कारण बताये बिना निरस्त की जा सकती है।

11. पत्रिका का मुद्रण सम्पादन मण्डल के द्वारा उपलब्ध कराई गई रचना सामाग्री यथा संदेश, प्रकाशकीय, संपादकीय, कार्यालयीन गतिविधियों के चित्र एवं रचना सामग्री इत्यादि अनुसार कराया जायेगा ।

12. यदि मुद्रण की त्रुटि अथवा असफलता के कारण पत्रिका का मुद्रण समयावधि में नही होता तो पत्रिका को पुर्नमुद्रण अथवा आंशिक मुद्रण किसी अन्य मुद्रक से कराया जा सकता है इस स्थिति में व्यय की राशि की वसूली अनुबंधकर्ता से किये जाने का अधिकार कार्यालय के पास सुरक्षित होगा।

13. छपाई की दरें बाइडिंग दर इत्यादि का सम्पूर्ण विवरण दर्शाते हुए सेम्पल सहित मोहर बन्द लिफाफे (निविदायें) अनिवार्यतः राशि रू 4000/-(चार हजार रूपये) की एफ.डी.आर. सहित दिनांक **06.07.2022** तक आवश्यक रूप से भेजें। निविदायें दिनांक **08.07.2022** को क्रय समिति के समक्ष निविदाकर्ताओं अथवा उसके प्रतिनिधि के सामने खोली जायेगी। यदि उक्त तिथि को निविदाताओं या उनके प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुए तो क्रय समिति द्वारा अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। एफ.डी.आर. प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा –प्रथम) म.प्र. ग्वालियर के नाम से बनवायें।

14. निविदा रजिस्टर्ड डाक से कार्यालय के पते पर भेजे लिफाफे पर हिन्दी पत्रिका **'प्रयास'** एवं **'गोपाद्री'** हेतु कोटेशन लिखें।

नोट- विवाद की स्थिति में कार्यालय का निर्णय अन्तिम एवं बाध्यकारी होगा।

वरि. लेखापरीक्षा अधिकारी
सामान्य अनुभाग
दिनांकः

क्रमांक सा.अ.1/पुस्तकालय/पत्रिका / जावक /
प्रतिलिपिः-

1. यादव कम्प्यूटर, सुर्या टावर, पूराने हाईर्कोट के पास, लश्कर ग्वालियर ।
2. समर्पण प्रिन्टर्स, भरत टॉकीज रोड शिन्दे की छावनी, लश्कर, ग्वालियर ।
3. पीताम्बरा प्रिंटर्स, मिस्त्री खाना, कम्पू, लश्कर, ग्वालियर ।
4. गुप्ता स्टेशनरी / पेपर हाउस, नया बाजार, लश्कार ग्वालियर ।
5. प्रदीप इन्टर प्राइजेस 62, लक्ष्मीबाई कॉलोनी, लश्कर, ग्वालियर।
6. Central Public Procurement Portal (CPPP) as par Rule 159 of GFR

वरि. लेखापरीक्षा अधिकारी
सामान्य अनुभाग

F/sk/library/shreyas printing

Scanned with OKEN Scanner